Hindustan Hindi (14.05.2016)

काम की खबरें

तीन जून तक कर सकते हैं आवेदन

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पहली बार रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, पत्रकारिकता में स्नातकोत्तर पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए 3 जून शाम चार बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म के साथ एक हजार रूपये का डिमांड ड्रॉफ्ट वाईएमसीए विश्वविद्यालय के रजिस्टार के पक्ष में बनाना होगा। जबकि एससी व एसटी श्रेणी के छात्रों को पांच सौ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट बनाना होगा। इसके आधार पर अगले महीने प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

Dainik Jagran (14.05.2016)

वाइएमसीए विश्वविद्यालय ने शुरू किए पांच नए पीजी कोर्स

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, जनसंचार एवं पत्रकारिता, भौतिकी विज्ञान तथा गणित विषयों के स्नातकोत्तर एमएससी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जून है।

मानविकी एवं विज्ञान संकाय के डीन डॉ. राजकुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस बार रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा जनसंचार एवं पत्रकारिता विषयों में नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए है। दाखिले के लिए आवेदन करने वाले सभी पात्र अभ्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून, 2016 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगी। परिणाम 15 जून, 2016 को घोषित कर दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। दो वर्षीय एमएससी (भौतिक शास्त्र), एमएससी (गणित) व एमएससी (रसायन विज्ञान) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या 45-45 रखी गई है, जबकि एमएससी (पर्यावरण विज्ञान) तथा एमएससी/एमए (जनसंचार एवं पत्रकारिता) के लिए सीटों की संख्या 30-30 रहेगी। आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन प्रपत्र 1000 रुपये के डिमांड ड्राफ्ट जो विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पक्ष में देय होगा तथा जरूरी दस्तावेजों के साथ 3 जून, 2016 को शाम 4 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।